## कार्यालय राजस्व परिषद, उत्तराखण्ड देहरादून।

संख्याः– 5015 / तीन–57 / रा0प0–प्रोन्नति / 2017, दिनांकः 07 नवम्बर, 2017।

### कार्यालय–ज्ञाप (प्रोन्नति / तैनाती)

तहसीलदार के रिक्त पदों के सापेक्ष पदोन्नति हेतु गठित चयन समिति की बैठक दिनांक 09.10.2017 में लिये गये निर्णय / संस्तुति के आधार पर श्री माणिक लाल भेंतवाल, सहायक भूलेख अधिकारी को ''उत्तर प्रदेश अधीनस्थ राजस्व कार्यकारी (तहसीलदार) सेवा नियमावली–1966'' (समय–समय पर यथासंशोधित) के नियम–5 के उपबन्धों के अधीन घटित रिक्तियों के सापेक्ष तहसीलदार के पद वेतनमान रू0 15600–39100 ग्रेड पे–5400 (6वें वेतन आयोग के अनुसार) अर्थात वेतनमान रू0 56,100.00–1,77,500.00, लेवल–10वां (7वें वेतन आयोग के अनुसार) पर पदोन्नत करते हुए उन्हें दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर रखा जाता है। प्रोन्नति के उपरान्त उनकी तैनाती परिषद् के कार्यालय–ज्ञाप संख्याः–2897 / रा0प0– त0ना0त0 / 2017, दिनांक 19 अगस्त, 2017 द्वारा किये गये स्थानान्तरण आदेश के अनुसार जनपद रूद्रप्रयाग में रिक्त तहसीलदार के पद पर की जाती है।

ह0<br>
एस0रामास्वामी,<br>
अध्यक्ष,<br>
राजस्व परिषद्

संख्या एवं दिनांक तदैव।

**प्रतिलिपिः–** निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. आयुक्त, गढ़वाल मण्डल, पौड़ी।
2. जिलाधिकारी चमोली / रूद्रप्रयाग।
3. श्री माणिक लाल भेंतवाल द्वारा जिलाधिकारी चमोली।
4. व्यक्तिगत पत्रावली।

(सुरेन्द्र नारायण पाण्डे) 7.11.2017<br>
आयुक्त एवं सचिव।